# राजस्थान सरकार
# निर्वाचन विभाग

**क्रः प. 3(13)III-A/निर्वा/PER-13/13/810** **जयपुर, दिनांक :- 13/03/2013**

प्रेषक :– मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान, जयपुर ।

प्रेषित :– समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी
(कलक्टर) राजस्थान

विषय :– **फोटोयुक्त मतदाता सूची 2013 के मतदाताओं के मोबाईल नम्बर्स की भागवार सूची के मुद्रण के संबध में।**

जैसा कि आपको विदित है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतदाता सूची 2013 के मतदाताओं के मोबाईल नम्बर एवं जन्मतिथि की भागवार सूची का मुद्रण करवाया जाना है। इसी क्रम में गत वर्ष समस्त राज्य में बूथ लेवल अधिकारियों (बी.एल.ओ.) के माध्यम से घर–घर सर्वे के दौरान मतदाताआें के मोबाईल नम्बर एवं जन्मतिथि एकत्रित करवाकर बी.एल.ओ. रजिस्टर में मतदाता के नाम के सम्मुख अंकित करवाये गये थे।

उक्त संग्रहित मोबाईल नम्बर एवं जन्मतिथि के कम्प्यूटरीकरण एवं इनकी भागवार सूचियों के मुद्रण एवं आपूर्ति के लिये आपके जिले में मतदाता सूची 2013 के मुद्रण के लिये अनुबंधित फर्म को ही कार्यादेश जारी किए गए हैं। इन भागवार सूचियों के मुद्रण के संबंध में निम्नांकित बिन्दुओं पर दिए गये दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें।

1. उक्त भागवार सूचियों के मुद्रण हेतु ऐसे मतदाता जिनके मोबाईल नम्बर एवं जन्मतिथि बी.एल.ओ. रजिस्टर में अंकित है, की हस्तलिखित भागवार सूचियॉ बी.एल.ओ. के माध्यम से संलग्न प्रारूप एनेक्चर–1 में तैयार करवाई जाकर अनुबंधित फर्म को दि. 5 अप्रेल, 2013 तक आवश्यक रूप से उपलब्ध करवाई जाये। उक्त सूचियों को तैयार करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे कि एनेक्चर–1 में मतदाता के क्रमांक के कॉलम में दि. 21 जनवरी, 2013 को प्रकाशित अन्तिम मतदाता सूची 2013 में मुदिंत मतदाता क्रमांक ही अंकित किया जावे न कि बी.एल.ओ. रजिस्टर में अंकित नई अथवा पुरानी क्रम संख्या।

2. बी.एल.ओ. रजिस्टर के अतिरिक्त भी यदि मतदाताओं के मोबाईल नम्बर अन्य माध्यम यथा फार्म नं. 6 के द्वारा प्राप्त हुए हैं तो उक्त सूचना को भी एनेक्चर–1 में सम्मिलित कर लिया जाए जिससे विभाग के कम्प्यूटरीकृत डाटाबेस में अधिक से अधिक मतदाताओं के मोबाईल नम्बर उपलब्ध हो सकें।

3. विधानसभावार संग्रहित उक्त सूचना की सांख्यिकी एनेक्चर–2 में दिनांक 10 अप्रेल, 2013 तक विभाग को ई.मेल (dyceo-rj@nic.in)) के माध्यम से आवश्यक रूप से प्रेषित की जाये।

4. अनुबंधित फर्म एनेक्चर–1 में प्राप्त मोबाईल नम्बर एवं जन्मतिथि की सूचनाओं का कम्प्यूटरीकरण कर उक्त सूचना की भागवार सूचियॉ एनेक्चर–3 में मुद्रित कर उक्त सूचना का एक लेजर प्रिन्टआउट सैट (एक तरफ मुद्रित) दिनांक 30 अप्रेल, 2013 तक संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक रूप से आपूर्ति करेंगी। भागवार मुद्रित एनेक्चर–3 में एक पृष्ठ में 35 मतदाताओं की प्रविष्टि मुद्रित की जाएगी।

5. उक्त भागवार सूचियों की जाँच संबंधित ई.आर.ओ. स्टॉफ द्वारा की जावेगी। यदि भागवार सूचियों के मद्रुण में अशुद्धियाँ पाई जाती है तो संबंधित ई.आर.ओ. दिनांक 08 मई, 2013 तक सूचियों में त्रुटियां मार्क कर सम्बंधित अनुबंधित फर्म को लौटायेंगे। संबंधित अनुबंधित फर्म उक्त सूचियों में अंकित त्रुटियों को संशोधित कर पुनः स्वच्छ एवं त्रुटिरहित नवीन सूचियॉ संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिनांक 15 मई, 2013 तक आपूर्ति करेंगी। उक्त सूचियों की संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के स्तर पर पुनः जाँच की जाकर यह सुनिशचित किया जावे कि उनके द्वारा अंकित सभी संशोधन नवीन सूची में सम्मिलित कर दिये गये हैं। तदुपरान्त संबधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी अपने हस्ताक्षर व सील से इन भागवार सूचियों का प्रमाणित करेंगे तथा इन भागवार सचियों को अपने कार्यालय में विशेष अभिरक्षा में रखेंगे।

6. कृपया उक्त दिशानिर्देश अपने जिले के सभी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के ध्यान में लावें तथा इनकी समयबद्ध पालना सुनिश्चित करें।

(अशोक जैन)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं
प्रमुख शासन सचिव,
राजस्थान, जयपुर।

क्रः प. **3(13)III-A**/निर्वा/**PER-13/13/** जयपुर, दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित कर लेख है कि उन्हें आवंटित जिलों की भागवार सूची (मोबाईल नम्बर/जन्मतिथी सहित) निर्धारित (एनेक्चर–I) में उपरोक्त दिशा निर्देशानुसार तय सीमा में ही मुद्रण कर आपूर्ति सुनिश्चित करें :–

1. मै० मल्टीवेव इनोवेशन, जयपुर
2. मै० बाईनरी सिस्टम, जयपुर
3. मै० यु.एम.सी. टैक्नोलोजिज प्रा. लि., जयपुर
4. मै० सार टैक्नोलोजी, जयपुर
5. मै० बिप्स जयपुर
6. मै० जैम कम्प्युटर्स, जयपुर

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर

एनेक्चर –1

# मतदाताओं के मोबाईल नम्बर की भागवार सूची

जिले का नाम ..........................................

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम .............................................. भाग सं.: ...................

| क्र. स. | मतदाता का मतदाता क्रमांक संख्या (अन्तिम मतदाता सूची 2013 में अंकित मतदाता क्रमांक संख्या) | मतदाता का नाम | मोबाईल नम्बर | जन्मतिथी |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | **2.** | **3.** | **4.** | **5.** |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

नोट :– मतदाता के मतदाता क्रमांक वाले कॉलम में दिनांक 21 जनवरी, 2013 को प्रकाशित अन्तिम मतदाता सूची, 2013 में अंकित मतदाता क्रमांक संख्या को ही अंकित किया गया है

<u>एनेक्चर –2</u>

# ernkrkvksa ds eksckbZy uEcj lac/kh lwpuk

| क्र. स. | वि.स. क्षेत्र की संख्या | विधानसभा क्षेत्र का नाम | विधानसभा क्षेत्र में मोबाईल नम्बर प्राप्त किए जा चुके मतदाताओं की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |
| 5. | | | |
| 6. | | | |
| 7. | | | |

एनेक्चर –3

# मतदाताओं के मोबाईल नम्बर व जन्म तिथी की भागवार सूची

जिले का नाम ..........................................

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम ................................................ भाग सं.: ........................

| क्र.स. | मतदाता क्रमांक | मतदाता का नाम | संबंधी का नाम | मोबाईल नम्बर | जन्मतिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| 6 | | | | | |
| 7 | | | | | |
| 8 | | | | | |
| 9 | | | | | |
| 10 | | | | | |
| 11 | | | | | |
| 12 | | | | | |
| 13 | | | | | |
| 14 | | | | | |
| 15 | | | | | |
| 16 | | | | | |
| 17 | | | | | |
| 18 | | | | | |
| 19 | | | | | |
| 20 | | | | | |
| 21 | | | | | |
| 22 | | | | | |
| 23 | | | | | |
| 24 | | | | | |
| 25 | | | | | |
| 26 | | | | | |
| 27 | | | | | |
| 28 | | | | | |
| 29 | | | | | |
| 30 | | | | | |
| 31 | | | | | |
| 32 | | | | | |
| 33 | | | | | |
| 34 | | | | | |
| 35 | | | | | |

निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी